3461C

# NBT



भारतीय चिकित्सा हेतु परा-चिकित्सा प्रशिक्षण परीक्षा निकाय, दिल्ली
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार
ब्लॉक नंबर 4, अंडर रिंग रोड बाईपास फ्लाईओवर, सामने गेट नंबर 10,
इंदिरा गांधी स्टेडियम, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002
संपर्क: 9319436464 / ई-मेल: examiningbody@gmail.com

संख्या एफ 2(42)/2022/स्था./ईबीडी/438 दिनांक: 02/02/2024

## विज्ञापन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के तहत वैधानिक निकाय, भारतीय चिकित्सा हेतु परा-चिकित्सा प्रशिक्षण परीक्षा निकाय, दिल्ली के परीक्षा निकाय में सचिव (यूआर) के एक पद को प्रतिनियुक्ति पर भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

वेतनमान: पे मैट्रिक्स लेवल-12 रुपये 78,800-209200/- और अन्य सामान्य भत्ते।

आयु सीमा: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को पचास वर्ष से अधिक न हो।

पद के लिए शैक्षिक और अन्य अनिवार्य योग्यताएं:

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या स्वायत्त निकायों के अधीन अधिकारी:

(क)

(1) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करता हो या

(II) मूल संवर्ग या विभाग में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) या वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (यूनानी) या एसोसिएट प्रोफेसर (आयुर्वेद) या एसोसिएट प्रोफेसर (यूनानी) के रूप में वेतन लेवल 11 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में छह साल की सेवा: या

(III) मूल संवर्ग या विभाग में चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) या चिकित्सा अधिकारी (यूनानी) या सहायक प्रोफेसर (आयुर्वेद) या सहायक प्रोफेसर (यूनानी) के रूप में वेतन लेवल 10 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में दस साल की सेवा; और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखने वाले: -

(1) कानून द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से आयुर्वेदिक/यूनानी चिकित्सा में डिग्री या भारतीय चिकित्सा के किसी वैधानिक बोर्ड/संकाय/परीक्षा निकाय या आईएमसीसी अधिनियम, 1970 की अनुसूची II में शामिल समकक्ष।

(II) दिल्ली भारतीय चिकित्सा परिषद के साथ वैध पंजीकरण;

(III) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकायों में चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) या चिकित्सा अधिकारी (यूनानी) या सहायक प्रोफेसर (आयुर्वेद) या सहायक प्रोफेसर (यूनानी) के रूप में कम से कम दस वर्ष का नियमित सेवा अनुभव।

वांछित:

(1) किसी भी राज्य या भारतीय चिकित्सा प्रणाली की केंद्रीय परिषद में न्यूनतम दो वर्ष का प्रशासनिक अनुभव।

नोट 1: केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य पूर्व-संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

नोट 2. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को पचास वर्ष से अधिक नहीं होगी।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:

आवेदन और वर्तमान कार्यस्थल से अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ सभी स्व-सत्यापित दस्तावेज, भारतीय चिकित्सा हेतु परा-चिकित्सा प्रशिक्षण परीक्षा निकाय, दिल्ली के अध्यक्ष के कार्यालय ब्लॉक नंबर 4, अंडर रिंग रोड बाईपास फ्लाईओवर, गेट नंबर 10 के सामने, इंदिरा गांधी स्टेडियम, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002 को इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के 45 दिनों के भीतर पहुंच जाने चाहिए।

साक्षात्कार की तिथि भारतीय चिकित्सा हेतु परा-चिकित्सा प्रशिक्षण परीक्षा निकाय, दिल्ली द्वारा सभी पात्र अभ्यर्थियों को अलग से सूचित किया जायेगा।

आवेदन जमा करने का तरीका:

आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन (किसी भी अवकाश/रविवार के मामले में अगली तिथि) होगी। आवेदन पत्र भारतीय चिकित्सा हेतु परा-चिकित्सा प्रशिक्षण परीक्षा निकाय, दिल्ली के अध्यक्ष के कार्यालय में डाक/स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/कूरियर/दस्ती माध्यम से अंतिम तिथि के शाम 4.00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

(डॉ. प्रदीप कुमार)
अध्यक्ष

DIP/Shabdarth/Classified/0333/23-24